नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 260/2021
Dt-2-8-2021

अपर मुख्य सचिव,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः—**मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर अनुमंडल क्षेत्र में पथ निर्माण विभाग की मधेपुर से तमुरिया, अंधराठाढ़ी होते हुये रामपुर की ओर जाने वाली (MTA) पथ में ग्राम अररिया स्थित एन॰एच॰ 57 अंडरपास के निकट हुये जल जमाव के निदान एवं क्षतिग्रस्त सड़क को Motorable बनाने के संबंध में।**

महाशय,

दिनांक 2.8.2021 को दैनिक हिन्दुस्तान में प्रकाशित समाचार शीर्षक "अररिया ओवर ब्रिज के नीचे गड्ढा एवं जल जमाव बन गया जानलेवा" संलग्न है।

मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर अनुमंडल क्षेत्र में पथ निर्माण विभाग की मधेपुर से तमुरिया, अंधराठाढ़ी होते हुये रामपुर की ओर जाने वाली (MTA) पथ में ग्राम अररिया स्थित एन॰एच॰ 57 अंडरपास के निकट हुये जल जमाव एवं सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण साईकिल सवार एवं मोटरसाईकिल सवार युवक गिरकर दुर्घटना के शिकार होते रहते है। वर्त्तमान में वर्षा के पानी का निकासी भी नहीं हो पा रहा है, फलस्वरूप आमजनों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

यह सड़क इस क्षेत्र के निवासियों के आवागमन का मुख्य मार्ग है, जो 4 प्रखंडों यथा मधेपुर, झंझारपुर, अंधराठाढ़ी एवं बाबुबरही को जोड़ती है।

अतः अनुरोध है कि उक्त (MTA) पथ में अररिया ग्राम स्थित एन॰एच॰ 57 अंडरपास के निकट हुये जल जमाव के निदान एवं क्षतिग्रस्त सड़क को Motorable बनाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ,

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 2·8·21

संलग्न—दिनांक 2.8.2021 को दैनिक हिन्दुस्तान में प्रकाशित समाचार की छायाप्रति।

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in